कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

:: तृतीय श्रेणी कर्मचारी भर्ती–2022–23 ::

–::सूचना–पत्र दिनांक 01-12-2023::–

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा (छ0ग0) के विज्ञापन क्रमांक 1286/दो–11–1/2022 दिनांक 22.09.2022 प्रकाशित किया गया था, जिसके अनुक्रम में शुद्धि पत्र क्र–103/दो–11–1/2022, अम्बिकापुर ,दिनांक 23/01/23 एवं पुर्नशुद्धि पत्र क्रमांक 890/दो–11–1/2022 अम्बिकापुर दिनांक 22.06.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त सहायक ग्रेड–तीन (नियमित)–30 पद, सहायक ग्रेड–3(संविदा)कोर्ट मैनेजर अमला–01 पद एवं कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा, (छ0ग0) के विज्ञापन क्रमांक 1078/दो–11–1/2023 दिनांक 05.07.2023 के द्वारा रिक्त स्टेनोग्राफर(हिन्दी)–10 पद, स्टेनोग्राफर(अंग्रेजी)–02 पद, स्टेनो टायपिस्ट–02 पद प्रकाशित किया गया था, उपरोक्त सभी पदों हेतु संयुक्त लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 24.09.2023 (रविवार) को अपरान्ह 02.00 बजे से 03.00 बजे तक किया गया था।

उक्त आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर विज्ञापित पदों के पदवार 15 गुना अभ्यर्थियों की संख्या सिमित करते हुए, द्वितीय चरण कौशल परीक्षा का आयोजन किये जाने हेतु दिनांक 13.10.2023 को सूचना पत्र प्रकाशित किया गया है, जिसमें सहायक ग्रेड–3(नियमित एवं संविदा) पद हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन दिनांक 21.10.2023 (शनिवार) तथा स्टेनोग्राफर (हिन्दी व अंग्रेजी), स्टेनो टायपिस्ट पद हेतु दिनांक 22.10.2023 (रविवार) को किये जाने की सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसके उपरांत सूचना पत्र दिनांक 17.10.2023 के द्वारा उक्त आयोजित कौशल परीक्षा, अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

कौशल परीक्षा हेतु घोषित अभ्यर्थियों की सूची के प्रकाशन उपरांत अनेक अभ्यर्थियों के द्वारा सूची में आपत्ति दर्ज कराया गया है, उन प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करते हुए, विज्ञापित पद के पदवार 15 गुना अभ्यर्थियों (समान अंक प्राप्त अभ्यर्थियों सहित) की संख्या सीमित करते हुए, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर, आरक्षण नियमों को ध्यान में रखते हुए, प्रावीण्य सूची में आये **अभ्यर्थियों की संशोधित सूची** प्रकाशित की जा रही है, तथा निम्नानुसार कौशल परीक्षा की तिथि एवं समय निर्धारित किया जाता है:–

-:: परीक्षा कार्यक्रम ::-

पद नाम	परीक्षा का नाम	परीक्षा का दिनांक	अभ्यर्थियों की उपस्थिति का समय	परीक्षा का स्थान
सहायक ग्रेड-3 (नियमित)	**कौशल परीक्षा**	**17.12.2023 (रविवार)**	प्रथम पाली प्रात 08.00 बजे से द्वितीय पाली दोपहर 01.00 बजे से	जिला न्यायालय परिसर, अम्बिकापुर
स्टेनोग्राफर (हिन्दी) स्टेनो टायपिस्ट स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) सहायक ग्रेड-3 (संविदा)	**कौशल परीक्षा**	**18.12.2023 (सोमवार)**	प्रथम पाली प्रात: 08.00 बजे से द्वितीय पाली दोपहर 12.30 बजे से	जिला न्यायालय परिसर, अम्बिकापुर

टीप :-यदि उपरोक्त पदों के कौशल परीक्षा, नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यार्थियों को आगामी परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम जिला न्यायालय के वेबसाईड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

01. दिनांक 17.12.2023 (रविवार) को **प्रथम पाली में प्रात: 08.00 बजे से सहायक ग्रेड-3 (नियमित) पद के अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संवर्ग** में कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को उपस्थित होना होगा, जिसके उपरांत **द्वितीय पाली में दोपहर 12.30 बजे से सहायक ग्रेड-3 (नियमित) के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संवर्ग के** कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को उपस्थित होना होगा।

02 दिनांक 18.12.2023(सोमवार) को **प्रथम पाली में प्रात: 08.00 बजे से स्टेनोग्राफर (हिन्दी) पद** के कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को उपस्थित होना होगा, जिसके उपरांत **द्वितीय पाली में दोपहर 12.30 बजे से स्टेनोग्राफर(अंग्रेजी), स्टेनोटायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड-3 (संविदा) पद** के कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को उपस्थित होना होगा।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र, वैध पहचान प्रमाण पत्र(जैसे ड्राईविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदान परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड) तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये सम्पूर्ण शैक्षणिक, निवास, जाति, इत्यादि दस्तावेज की मूल प्रति लेकर कौशल परीक्षा की नियत तिथि को निर्धारित समय से **आधा घंटा पूर्व उपस्थित रहेंगे** ताकि शैक्षणिक दस्तावेज, प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का मिलान कर, उन्हें कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सके।

जिला न्यायालय, सरगुजा के वेबसाईट **https://surguja,dcourts.gov.in (https://surguja[dot]dcourts[dot]gov[dot]in** में द्वितीय चरण चयन प्रक्रिया कौशल परीक्षा हेतु, प्रावीण्य सूची में आये अभ्यर्थियों के नाम की संशोधित सूची प्रकाशित किया गया है, जिसके अतिरिक्त किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी माध्यम से कौशल परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र, पृथक से नहीं भेजा जावेगा, इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

कौशल परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर, नियत तिथि को निर्धारित स्थान जिला न्यायालय परिसर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) में निर्धारित समय पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय आदि देय नहीं होगा।

8/12/2023

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0